रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003–05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 37] नई दिल्ली, सितम्बर 17—सितम्बर 23, 2017, शनिवार/भाद्र 26—आश्विन 1, 1939
No. 37] NEW DELHI, SEPTEMBER 17—SEPTEMBER 23, 2017, SATURDAY/BHADRA 26—ASVINA 1, 1939

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)**

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

---

## गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2017

**सा.का.नि. 300.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय डिस्पैच राइडर भर्ती नियम, 1986 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या किये जाने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय में सवार हरकारा के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय (सवार हरकारा) भर्ती नियम, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि -** भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से स्तम्भ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता** - वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| सवार हरकारा | 11* (2017)<br><br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय | स्तर-2 (19900 -63200 रुपए) |

| चयन या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|
| (5) | (6) | (7) |
| लागू नहीं होता | 25 वर्ष से अनधिक<br><br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए चालीस वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।)<br><br>**टिप्पण :-** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, | **आवश्यकः**<br>(क) मोटर साइकिल या ऑटो रिक्शा चलाने की वैध अनुज्ञप्ति रखते हों;<br>(ख) मोटर साइकिल या आटो रिक्शा चलाने का दो वर्ष का अनुभव ;<br>(ग) मोटर साईकिल या ऑटो रिक्शा क्रिया विधि का ज्ञान (अभ्यर्थी वाहन की छोटी कमियों को दूर करने में समर्थ होना चाहिए) ;<br>(घ) अंग्रेजी और हिन्दी या उस क्षेत्र की प्रादेशिक भाषा जिसमें संबंधित संगठन स्थापित है, को पढ़ने की योग्यता ; और<br>(ङ) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान या समतुल्य उत्तीर्ण। |

| | | |
|---|---|---|
| | सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई हैं।) | **वांछनीय:**<br>सिविल स्वंयसेवक या होम गार्ड के रूप में तीन वर्ष की सेवा।<br>**टिप्पण :** अनुभव संबधी अर्हता सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति:** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | दो वर्ष | प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा<br>भूतपूर्व सैनिक के लिए प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियोजन। |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा |
|---|
| (11) |
| **प्रतिनियुक्ति या आमेलन:-**<br>गृह मंत्रालय (समुचित) में समूह 'ग' में ऐसे नियमित बहु कार्य कर्मचारीवृदों में से जिसके न होने पर केन्द्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों के नियमित ऐसे सवार हरकारा या समूह 'ग' कर्मचारियों में से जो स्तंभ (7) में विहित अर्हता और अनुभव रखता है।<br>**भूतपूर्व सैनिकों के लिए :** प्रतिनियुक्ति और पुनर्नियोजन<br>सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास अपेक्षित अनुभव और विहित अर्हताएं हैं। ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है ; तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे:—**<br>1. अवर सचिव (प्रशासन-I), गृह मंत्रालय - अध्यक्ष<br>2. अवर सचिव, (सचिवालय सुरक्षा संगठन), गृह मंत्रालय - सदस्य<br>3. अवर सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग - सदस्य | लागू नहीं होता । |

[फा. सं. ए.12022/02/2014-प्रशा.-II]

अमरेन्द्र सिंह, अवर सचिव

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 15th September, 2017

**G.S.R. 300.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Home Affairs (Despatch Rider) Recruitment Rules, 1986, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Despatch Rider in the Ministry of Home Affairs, namely:-

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs (Despatch Rider) Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification and level in the pay matrix.**—The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit and qualification, etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto, shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

**4. Disqualifications.**—No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion, that it is necessary or expedient to do so, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the pay matrix |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Despatch Rider | 11 *<br>(2017)<br><br>* Subject to variation depending on the workload. | General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial. | Level-2 (Rs. 19900 – 63200). |

| Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|
| (5) | (6) |
| Not applicable | Not exceeding 25 years (relaxable for Government servants upto forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time.)<br><br>**Note:-**The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep). |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees |
|---|---|
| (7) | (8) |
| **Essential :**<br>(a) Possession of valid driving license for Motor Cycle or Autorickshaw; | Not applicable |

| | |
|---|---|
| (b) Two years' experience in driving Motor-Cycle or Autorickshaw;<br>(c) Knowledge of Motor Cycle or Autorickshaw mechanism (The candidate should be able to remove minor defects in vehicle);<br>(d) Ability to read English and Hindi or Regional Languages of the area in which the concerned organisation is situated; and<br>(e) Matriculation or Industrial Training Institutes or equivalent pass from a recognised Institute or Board.<br><br>**Desirable :**<br><br>(i) Three years' service as Home Guard or Civil Volunteers.<br><br>**Note:** The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the Competent Authority is of the opinion that the sufficient number of candidates with requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them. | |

| Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|
| (9) | (10) |
| Two years | By deputation or absorption, failing which by direct recruitment<br><br>For Ex-servicemen<br>Deputation or re-employment |

| In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made | If Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Deputation or absorption:**<br><br>From amongst the regular Multi-Tasking Staff, Group C in the Ministry of Home Affairs (Proper), failing which from regular Despatch Rider or Group 'C' employees from other Ministries of the Central Government who possess the qualification and experience prescribed in Column (7).<br><br>For Ex-servicemen<br>**Deputation or re-employment:**<br><br>The Armed Forces Personnel due to retire or who are to be transferred to reserve within a period of one year and having the requisite experience and qualifications prescribed shall also be considered. Such persons would be given deputation terms upto the date on | **Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering confirmation) consisting of:**<br><br>Under Secretary (Administration-I, Ministry of Home Affairs) – Chairman<br><br>Under Secretary (Secretariat Security Organisation, Ministry of Home Affairs) – Member; and<br><br>Under Secretary, Department of Personnel and Training – Member | Not applicable. |

| | | |
|---|---|---|
| which they are due for release from the Armed Forces; thereafter they may be continued on re-employment: (The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years). | | |

[F. No. A.12022/02/2014-Ad.II ]

AMARENDRA SINGH, Under Secy.